# नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय

मेदिनीनगर, पलामू - 822102

Memo No. – NPU/R/...682.../26 Date – 22/08/2026

## सूचना

एतद् द्वारा सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि दिनांक 21.06.2025 को संपन्न नीलाम्बर–पीताम्बर विश्वविद्यालय के अभिषद् की 93वीं बैठक एवं दिनांक 12.08.2026 को संपन्न अभिषद् की 99वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के आलोक में नीलाम्बर–पीताम्बर विश्वविद्यालय स्तर पर स्नातकोत्तर में Topper (Gold Medalist) एवं स्नातकोत्तर के साथ NET/Ph.D. उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शिक्षण–सहायक (Teaching Assistantship) के रूप में पूर्णतः अस्थायी रूप से नियुक्त करने हेतु योग्य अभ्यर्थी से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं । चयन के उपरांत नियुक्त होने वाले अभ्यर्थियों को नीलाम्बर–पीताम्बर विश्वविद्यालय अन्तर्गत दूरस्थ क्षेत्रों में नवस्थापित सरकारी महाविद्यालयों में कक्षा लेने एवं अन्य अकादमिक कार्यों में सहयोग देने हेतु पदस्थापित किया जाएगा ।

**विवरण –**

| | |
|---|---|
| पद का नाम | शिक्षण–सहायक (Teaching Assistantship) |
| विषय | विज्ञान, मानविकी, सामाजिक विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विषय |
| पदों की संख्या | आवश्यकतानुसार उपलब्ध रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी |
| मानदेय (Fixed) | स्नातकोत्तर में Topper (Gold Medalist) – रू0 15,000/– प्रति माह<br>स्नातकोत्तर + NET/Ph.D. उत्तीर्ण – रू0 18,000/– प्रति माह |

**नियम व शर्तें –**

1. शिक्षण–सहायक (Teaching Assistantship) के पद पर नियुक्ति हेतु चयन शैक्षणिक रिकार्ड के आधार पर तैयार विषयवार मेधा–सूची के आधार पर किया जाएगा । चयन हेतु नीलाम्बर–पीताम्बर विश्वविद्यालय के भौगोलिक क्षेत्राधिकार अन्तर्गत के अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी ।
2. नियुक्त होनेवाले शिक्षण–सहायकों (Teaching Assistantship) को कक्षा लेने के साथ ही संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य के आदेशानुसार invigilation एवं internal examination के मूल्यांकन आदि अन्य शैक्षणिक कार्यों के लिए भी अधिकृत किया जा सकता है ।
3. विश्वविद्यालय द्वारा घोषित अवकाश एवं working hours शिक्षण–सहायकों (Teaching Assistantship) पर लागू होंगे । अनाधिकृत अनुपस्थिति की स्थिति में उनके मासिक मानदेय में से उचित कटौति की जाएगी ।

M. Ahmd.

4. शिक्षण–सहायकों (Teaching Assistantship) के कार्यकुशलता के संबंध में संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य का प्रतिवेदन मान्य होगा । असंतोषजनक कार्य अथवा विश्वविद्यालय/प्राचार्य के आदेश की अवमानना होने पर 15 दिनों की अग्रिम सूचना देकर शिक्षण–सहायकों (Teaching Assistantship) को कार्यमुक्त किया जा सकता है ।
5. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी प्रकृति की है और सिर्फ 11 माह के लिए है । योगदान तिथि से 11 माह की अवधि पूर्ण होने के साथ ही यह नियुक्ति स्वतः समाप्त मानी जाएगी । इस नियुक्ति के विरूद्ध किसी भी रूप में स्थायी नौकरी देने का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा ।
6. शिक्षण–सहायक (Teaching Assistantship) के पद हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 31.08.2026 को संध्या 05:00 बजे तक समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे ।
7. किसी भी आवेदक की अभ्यर्थिता के संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा ।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

कुलपति के आदेशानुसार,

22-08-2026

कुलसचिव

नीलाम्बर–पीताम्बर विश्वविद्यालय

मेदिनीनगर, पलामू